

Grade B+ Accredited by NAAC

# स्वामी विवेकानन्द
# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# लोहाघाट (चम्पावत)

(एस०एस०जे० विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा से सम्बद्ध)

## विवरणिका 2022–23



# : Vision :

*"To establish the institution as a Vibrant Centre of Quality Learning so as to contribute in Sustainable Development of Nation"*

**Mission :**

In order to ensure the Vision, the institution has well visualized.

1- Dissemination of quality education integrating skill development.
2- Institutionalization and internalization of the best practices.
3- Creation of viable atmosphere for research oriented activities through development and improvement in research infrastructure.
4- Inculcation of values through education
5- Entrepreneurial capacity building among students in order to contribute to economic progress of local economy of state, thus the national economy
6- Addressing local needs and challenges by promoting innovation in teaching, learning, research and consultancy services.
7- Bringing awareness among students towards human rights, democratic values and welfare of underprivileged sections of society
8- Organization of environmental activities to raise issues of public health, hygiene, gender and equality.
9- Facilitation of latest sports infrastructure and training to enhance the strong physical attributes of the athletes of the region.
10- Promotion of culture where students, teachers, alumni and administrators can work together in harmony.

## महाविद्यालय में वर्ष 2022–23 के प्रवेश के लिये आवंटित रिक्त सीटों का विवरण–

### 1. विज्ञान संकाय

| क्र.सं. | स्नातकोत्तर विषय | कुल सीटें | स्नातक विषय | कुल सीटें |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जन्तु विज्ञान– सेमे0 – I | 20 | B.Sc.–ZBC- सेमे0 – I | 80 |
| 02 | वनस्पति विज्ञान– सेमे0 – I | 20 | | |
| 03 | रसायन विज्ञान– सेमे0 – I | 25 | | |
| 04 | भौतिक विज्ञान– सेमे0 – I | 15 | B.Sc. - PCM-सेमे0 – I | 133 |
| 05 | गणित– सेमे0 – I | 40 | | |

### 2. वाणिज्य संकाय

| क्र.सं. | स्नातकोत्तर | कुल सीटें | स्नातक | कुल सीटें |
|---|---|---|---|---|
| 01 | एम0 काम– सेमे0 – I | 30 | B.Com- सेमे0 – I | 133 |

### 3. कला संकाय

| क्र.सं | स्नातकोत्तर विषय | कुल सीटें | स्नातक विषय | कुल सीटें |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भूगोल– सेमे0 – I | 30 | हिन्दी, इतिहास, अंग्रेजी, गणित, संस्कृत, भूगोल, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र | 613 |
| 02 | अर्थशास्त्र– सेमे0 – I | 30 | | |
| 03 | संस्कृत– सेमे0 – I | 60 | | |
| 04 | अंग्रेजी– सेमे0 – I | 60 | | |
| 05 | हिन्दी– सेमे0 – I | 50 | | |
| 06 | राजनीतिक विज्ञान– सेमे0 – I | 60 | | |
| 07 | गृह विज्ञान– सेमे0 – I | 60 | | |

# स्वामी विवेकानन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# लोहाघाट, चम्पावत (उत्तराखण्ड)
# संक्षिप्त परिचय

स्वामी विवेकानन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट (चम्पावत) हिमालय की उपत्यकाओं से निस्सरित कलकल–ध्वनि से युक्त लोहावती सरिता के तट पर बसे लोहाघाट नगर में स्थित है। यहाँ की सुरम्य एवं शान्तिप्रदायनी प्रकृति महाविद्यालय की गरिमा एवं महिमा में चार चाँद लगाती है। इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1979 में बी0ए0 एवं बी0कॉम0 विषयों के साथ हुई थी। श्रेष्ठ प्रशासन, कर्मठ एवं प्रोत्साहक प्राध्यापकों, समस्त कर्मचारियों, उत्साही एवं जिज्ञासु विद्यार्थियों तथा जागरुक अभिभावकों के सहयोग के कारण इस महाविद्यालय की उत्तराखण्ड के परिदृश्य में महत्वपूर्ण स्थिति है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद NAAC बंगलौर द्वारा वर्ष 2017 ( द्वितीय चक्र ) में महाविद्यालय को $B^+$ श्रेणी दी गयी है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में स्नातक (बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0) के साथ ही स्नातकोत्तर (हिन्दी, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, गृह विज्ञान एवं एम0 कॉम0, विज्ञान में एम0एस0सी0 (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित) कक्षायें संचालित हो रही हैं। छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल कैडेट कोर की सुविधाएं हैं। विद्यार्थियों की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में परिवर्तित करने के लिए विभागीय परिषदों का गठन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें अनेक शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की स्नातक प्रथम सेमेस्टर (बी0ए0/बी0एस–सी0/बी0कॉम0/एम0ए0/एम0एस–सी/एम0कॉम) की कक्षाओं में नई शिक्षा नीति के अनुसार सत्र 2022–23 में प्रवेश के नियम

**अध्याय 1– साधारण नियम–**

1.1 विश्वविद्यालय प्रवेश समिति द्वारा बनाये गये नियमों के अन्तर्गत महाविद्यालयों में सभी सम्बन्धित कक्षाओं में ऑन लाइन (Online) पद्धति से प्रवेश सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/प्राचार्य/समक्ष अधिकारी द्वारा किये जाएगें। सभी विषयों में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्रत्येक महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के परिसरों के लिये निर्धारित सीटों पर ही प्रवेश किये जायेंगे।

1.2 विश्वविद्यालय से निर्धारित प्रवेश की अन्तिम तिथि के पश्चात प्रवेश सम्भव नहीं होगा। Online पंजीकरण Portal अन्तिम तिथि के बाद स्वतः Lock हो जायेगा। प्रवेश की तिथि के निर्धारण/परिवर्तन/विस्तार के सम्बंध में अन्तिम निर्णव विश्वविद्यालय का होगा।

1.3 महाविद्यालय में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न अभ्यर्थियों के Online पंजीकृत प्रवेश आवेदनों के आधार पर प्रवेश समिति द्वारा अंतरिम योग्यता सूची तैयार की जायेगी अंतरिम योग्यता सूची तैयार करने के लिये प्रवेश समितियॉ विश्वविद्यालय की वैवसाइड से आवेदनकर्ताओं (आवेदन पत्र) का ऑकडा (Data) Excel Format में डाउन लोड कर सकते है। यदि उपरोक्त डाटा को डाउनलोड करने में कठिनार्द उत्पन्न हो रही हो तो इसके लिये परीक्षा नियन्त्रक को ई–मेल के माध्यम से भेजने के लिये सूचित किया जा सकता है। महाविद्यालय/परिसर अंतरिम योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित करेंगे और उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश देंगे जिनकी समस्त अर्हताओं तथा Online पंजीकृत आवेदन में अंकित सूचनाओं की सत्यापन मूल अंकपत्रों व प्रमाणपत्रों के आधार पर महाविद्यालय स्तर पर Verification कर दिया गया हो।

1.4 Online माध्यम से उपरोक्तानुसार पंजीकरण किए हुए अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के समय सम्बन्धित महाविद्यालय में अपने शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्रों एवं अंकतालिकाओं तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों यथा अधिभार/आरक्षण विषयक प्रमाण पत्रों आदि में से प्रत्येक की दो–दो स्पष्ट स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ स्वयं प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

1.5 अभ्यर्थी तथा उसके अभिभावक को प्रवेश प्रक्रिया के समय विश्वविद्यालय की वेवसाइड में प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत उपलब्ध प्रारुप (क) तथा प्रारुप–(ख) में उल्लेखित निर्धारित शपथ–पत्र प्रारूप पर हस्ताक्षर करने होंगे। शपथ पत्र में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के शिक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किये जाएंगे।

1.6 किसी पाठ्यक्रम के अध्यापन के लिए शिक्षकों की संख्या तथा प्रयोगात्मक कक्षाओं में स्थान तथा साधनों की उपलब्धता के आधार पर ही प्रवेश हेतु सीटों की संख्या निर्धारित की जाएगी।

1.7 (क) जो अभ्यर्थी नैतिक भ्रष्टाचार अथवा हिंसा के अभियोग में न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया हो, उसे किसी भी पाठ्यक्रम/कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि प्रवेश के बाद उसे नैतिक भ्रष्टाचार अथवा हिंसा के अभियोग में न्यायालय द्वारा दण्डित किया जाता है तो उसका प्रवेश सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा, जिसकी लिखित सूचना विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

(ख) यदि कोई अभ्यर्थी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की किसी कक्षा में धोखाधडी़ से प्रवेश लेता है तो उसका प्रवेश सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है तथा जिसकी लिखित सूचना विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

(ग) यदि किसी छात्र के विरूद्ध न्यायालय में कोई वाद चल रहा हो और वह जमानत पर रिहा हो चुका हो, ऐसे छात्र को अन्य नियमों के अन्तर्गत अर्ह होने पर ही प्रवेश देने पर विचार किया जा सकता है।

(घ) किसी विद्यार्थी को आपराधिक गतिविधि के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा निरूद्ध किये जाने की दशा में सम्बन्धित छात्र को निरूद्ध की गयी अवधि के लिए महाविद्यालय से तुरन्त निलम्बित कर दिया जाएगा तथा दण्डित किये जाने पर उसका प्रवेश निरस्त हो जाएगा।

1.8 सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/प्राचार्य अथवा प्रवेश स्वीकृत करने के लिये सक्षम अधिकारी युक्तिसंगत कारण होने पर अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रवेश अस्वीकार/निरस्त कर सकते है। इस सम्बन्ध में उनका निर्णय अन्तिम होगा।

1.9 (क) किसी भी अभ्यर्थी को जो विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अनुशासनहीनता करने पर दण्डित किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय के किसी भी परिसर/महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(ख) किसी भी अभ्यर्थी को जो विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में अनुचित साधन प्रयोग करने पर दण्डित किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थी को अनुचित साधन प्रयोग हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये दण्ड स्वरूप सजा के विरूद्ध विश्वविद्यालय के किसी भी परिसर/महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा तथा ऐसे अभ्यर्थी द्वारा यह तथ्य अप्रकट रखते हुए लिये गये प्रवेश को प्रस्तर 1.7 (ख) के अन्तर्गत ''धोखाधड़ी से प्रवेश लेना'' माना जायेगा तथा ऐसे प्रकरण की जानकरी होने पर महाविद्यालय द्वारा यथोचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जिसकी सूचना सम्बंधित संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय कार्यालय को 15 कार्य दिवसों के अन्तर्गत अनिवार्यतः उपलब्ध करायी जायेगी।

1.10 किसी भी विद्यार्थी को दिया गया प्रवेश सक्षम अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा सकता है, यदि उसने विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना प्रवजन प्रमाण–पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय/संकाय में जमा नहीं किया हो।

1.11 प्रवेश के इच्छुक अभियर्थी को यू0 जी0 सी0 पोर्टल पर एन्टीरेगिंग फार्म भरकर उसका स्क्रीन सोर्ट लेकर अपने संकाय की ई–मेल आईडी पर भेजना अनिवार्य होगा।

**B.A- antirba @gmal.com**

**B.Com antirbcom@gmal.com**

**B.Sc antirbsc@gmal.com**

1.12 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आरक्षण उत्तराखण्ड शासन के अनुसार अनुमन्य होगा, जो कि निम्नवत है–

| | |
|---|---|
| 1.अनुसूचित जाति | 19 प्रतिशत |
| 2.अनुसूचित जनजाति | 04 प्रतिशत |
| 3.ई0डब्लू0एस0 (मात्र सामान्य वर्ग के लिये) | 10 प्रतिशत (निर्धारित सीटों के अतिरिक्त) |
| 4.अन्य पिछड़ा वर्ग | 14 प्रतिशत |

(आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग व अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण सम्बंधी अद्यतन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा जो उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित वैधता अवधि से पूर्व का न हो )

**नोट–** स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के आश्रितों, महिलाओं, सैनिकों, तथा दिव्यांग व्यक्तियों को उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेशानुसार हॉरिजन्टल आरक्षण अनुमन्य होगा–

| | |
|---|---|
| (1) महिलाएं | 30 प्रतिशत |
| (2) भूतपूर्व सैनिक | 05 प्रतिशत |
| (3) दिव्यांग | 04 प्रतिशत |
| (4) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित | 02 प्रतिशत |

**(जो महिला/व्यक्ति जिस वर्ग का होगी/होगा उसे उसी श्रेणी का क्षैतिज आरक्षण (Horizontal Reservation) अनुमन्य होगा, किन्तु प्रत्येक वर्ग में सामान्य योग्यता–क्रम में यदि चयन के बाद उपर्युक्त प्रतिशत के साथ यदि अभ्यर्थियों की संख्या पूर्ण हो जाती है तो अतिरिक्त आरक्षण देय नहीं होगा) उत्तराखण्ड शासन द्वारा नितिगत संशोधन के अनुसार आरक्षण की स्थिति निर्धारित की जा सकती है।**

1.13 मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के आधार पर कश्मीरी विस्थापित छात्रों को प्रवेश में निम्नलिखित सुविधा दिये जाने का निर्णय लिया।

(i) Extension in date of admission upto 30 days.

(ii) Relaxation in cut-off percentage up to 10% subject to minimum eligibility requirement.

(iii) Waiving of domicile requirements.

1.14 स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश लेने वाले छात्रों को निम्नलिखित श्रेणी में आने पर वांछित प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने की दशा में उनके सम्मुख अंकित अंकों का लाभ देय होगा–

| | |
|---|---|
| (क) एन0सी0सी0 'बी' 'सी' अथवा 'जी' पार्ट–1, जी–2 प्रमाण पत्र प्राप्त अभ्यर्थी | 25 अंक |
| (ख) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विशेष शिविर (कम से कम सात दिवसीय में भाग लेने पर) | 20 अंक |
| (ग) प्रतिरक्षा सेनाओं में कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारियों या उनके पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी/ सगा भाई/बहन | 20 अंक |
| (घ) जम्मू–कश्मीर में तैनात अर्द्ध–सैनिकों के पुत्र/पत्री पति/पत्नी/सगा भाई बहन तथा जम्मू–कश्मीर से विस्थापित या उनके पुत्र/पत्री/पति/पत्नी/सगाभाई/बहन | 20 अंक |
| (ड.) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी मान्यता प्राप्त खेल में प्रतिभाग करने पर– | 50 अंक |
| (च) अन्तर–विश्वविद्यालय/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने पर– | 20 अंक |
| (छ) शासन द्वारा/खेल फैडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने पर | 30 अंक |
| (ज) राज्य/अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल में प्रतिभाग करने पर | 25 अंक |
| (झ) अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतियोगतिा में प्रतिभाग करने पर | 25 अंक |
| (ञ) अन्तर महाविद्यालय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता में विजेता/उपविजेता | 25 अंक |
| (ट) जिला शिक्षा अधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रतियोगिता प्रमाण पत्र जिला/मण्डल स्तर पर प्रतिभाग के आधार पर | 20 अंक |
| (ठ) अन्तर–महाविद्यालय प्रतियोगिता में परिसर/महाविद्यालय/संस्थान की किसी खेल की टीम का सदस्य होने पर | 15 अंक |

नोटः– उपरोक्त श्रेणियों में आने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम 50 अंकों का लाभ देय होगा। उपर्युक्त लाभ केवल न्यूनतम योग्यता धारकों को प्रवेश हेतु देय होगा तथा उक्त के अन्तर्गत प्राप्त अंकों का लाभ किसी भी कक्षा में प्रवेश के लिए अर्हता निर्धारण हेतु नहीं जोड़ा जाएगा। यह केवल वरीयता निर्धारण हेतु प्रयोग में लाया जाएगा।

1.15 (क)यदि किसी अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर किसी विषय/विभाग/संकाय/महाविद्यालय में प्रवेश ले लिया है और उसके उपरान्त व अपने विषय/विभाग/संकाय/महाविद्यालय में परिवर्तन चाहता है तो उक्त परिवर्तन सम्बंधित महाविद्यालयो द्वारा उक्त अनापत्ति (एन0ओ0सी0) के पश्चात निर्धारित शुल्क जमा करते हुये प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि तक स्थान रिक्त होने की दशा में ही अनुमन्य होगा।

(ख) प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात महाविद्यालय स्तर पर कोई भी परिवर्तन किया जाना अनुमन्य नहीं होगा।

1.16 **(क) स्नातक कक्षा में प्रवेश हेतु**

प्रवेश नियमों के अन्तर्गत रहते हुए किसी भी विद्यार्थी को इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त

(1) शिक्षा में अवरोध होने की स्थिति में 2 वर्षो के भीतर स्नातक कक्षा में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा।

(2) अभ्यर्थी की शिक्षा में अवरोध होने की स्थिति में त्रिवर्षीय स्नातक कक्षा में प्रवेश अनुमन्य होगा किन्तु अभ्यर्थी को प्रवेश योग्यता के आधार व कक्षा में स्थान रिक्त होने पर दिये जायेगें ( योग्यता सूची तैयार किये जाने हेतु प्रत्येक वर्ष के लिये विद्यार्थी की इन्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्तांकों के 05 प्रतिशत अंक कम किये जायेगें)

(3) किसी भी एक वर्ष को पूरा करने की अधिकतम अवधि तीन वर्ष होगी।

व्याख्या यदि विद्यार्थी सत्ता में तीनो वर्ष में पढाई करता है तो उसे अधिकतम 9 वर्ष मिलेगें किन्तु यदि विद्यार्थी किसी एक वर्ष का सर्टीफिकेट/डिप्लोमा लेकर चला जाता है तो वह बाकि के वर्षो की पढाई पूरा करने के लिये 3 वर्ष (प्रति एक वर्ष की पढाई) के मिलेगें।

नोट– नौ वर्ष में स्नातक करने वालों की यह व्यवस्था एन0 ई0 पी0 2020 में प्रवेश लेने वाले विद्याथिर्यो पर ही लागू होगी अन्य विद्याथिर्यो के लिये सोबन सिंह जिना विश्व विद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत किये गये नियम ही लागू होगें।

(4) भविष्य में यू0जी0सी0 अथवा एन0एच0ई0क्यू0एफ0 राज्य सरकार के माध्यम से उपरोक्त सम्बंध में जो भी दिशा निर्देश प्राप्त होगें उनके आधार पर आवश्यक परिवर्तन किया जाना आवश्यक होगा।

1.17 सोबन सिंह जीन विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों में बिना स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (टी0सी0) के किसी भी विद्यार्थी को स्नातक कक्षाओं/पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। विशेष परिस्थिति में प्रवेश अनुमन्य किये जाने पर अधिकतम 15 दिन के भीतर सम्बन्धित महाविद्यालय/संकाय में स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रवेश निरस्त किया जा सकता हैं।

1.18 एक सत्र में एक ही पाठ्यक्रम हेतु महाविद्यालय में प्रवेश अनुमन्य होगा। एक से अधिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर एक के अतिरिक्त अन्य सभी प्रवेश निरस्त कर दिये जाएंगे। एक ही विश्वविद्यालय परिसर/महाविद्यालय में किसी एक एड–ऑन पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए यह प्रतिबन्ध लागू नहीं होगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक 1–6/2007(cpp-II) दिनांक 28 दिसम्बर, 2012 (जो कि एक ही सत्र में दो उपाधि या संयुक्त उपाधि के संबंध में है) के अनुपालन में विश्वविद्यालय समिति के निर्णयानुसार एक सत्र में उस निश्चित अवधि की एक ही उपाधि मान्य होगी। यदि किसी अभ्यर्थी की किसी कारणवश एक सत्र में दो

उपाधि होती है तो अभ्यर्थी द्वारा नियमानुसार उस समय चल रही एक उपाधि/सेमेस्टर को निरस्त कराना होगा।

1.19 (क) प्रत्येक विद्यार्थी हेतु सम्बन्धित विषयों की कक्षाओं में नियमानुसार 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। विशेष परिस्थितियों में संकायाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा 5 प्रतिशत तक तथा संकायाध्यक्ष/प्राचार्य की संस्तुति पर कुलपति जी द्वारा 10 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा सकती है।

(ख) अभ्यर्थी के प्रवेश से सम्बन्धित वाद–विवाद के निपटारे हेतु सम्बन्धित महाद्यिालय/परिसर में संस्था अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित प्रवेश समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा, जो कि अभ्यर्थी को मान्य होगा।

1.20 अभ्यर्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/परिसर में प्रवेश लेने के पश्चात अभ्यर्थी के आवेदन पत्र से सम्बन्धित अभिलेख यथा आवेदन पत्र, शैक्षणिक प्रपत्र, अन्य प्रपत्रों का 03 माह पश्चात विनिष्टिकरण कर दिया जायेगा। यह नियम प्रवेश से वंचित छात्रों के सम्बन्ध में भी लागू होगा।

1.21 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रैगिंग संबंधी विनियम 2009 में उल्लिखित प्रावधानों के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग प्रतिबंधित एवं निषिद्ध है। रैगिंग के मामले में अपराधी पाए जाने पर संबंधित छात्र–छात्रा के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

वैधानिक नियंत्रण– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त प्रवेश नियमों में आवश्यकता के अनुरुप परिवर्तन करने का अधिकार सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय के पास सुरक्षित होगा तथा परिवर्तन सभी पक्षों को मान्य होगा।

# सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0/एम0ए0/एम0कॉम /एम0एससी0) की कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्हता निर्धारण के नियम (शिक्षा सत्र 2022–23)

**अध्याय–2– योग्यता सूची निर्धारण के नियम–**

2.1 स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षा में प्रवेश भर्ती की निर्धारित सीमा तक संकायाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा इण्टरमीडिएट (10+2) कक्षा में प्राप्तांकों के अनुसार योग्यता अंकों के आधार पर किए जाएंगे। उत्तराखण्ड सरकार/भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड जैसे उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा परिषद/यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण छात्र–छात्रायें प्रवेश हेतु अर्ह होंगे।

(क) कला, दृश्य कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षा में स्थानों की निर्धारित सीमा के भीतर योग्यता कम के आधार पर प्रवेश हेतु अर्हता निम्नवत होगी–

(1) कला संकाय, दृश्य कला हेतु इण्टरमीडिएट 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। (40 प्रतिशत का तात्पर्य 40 प्रतिशत से ही होगा न कि 39.99 प्रतिशत)

(2) विज्ञान संकाय हेतु इण्टरमीडिएट (विज्ञान) 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। (45 प्रतिशत का तात्पर्य 45 प्रतिशत से ही होगा न कि 44.99 प्रतिशत)

(3) वाणिज्य संकाय हेतु इण्टरमीडिएट वाणिज्य विषय सहित 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण। (40 प्रतिशत का तात्पर्य 40 प्रतिशत से ही होगा न कि 39.99 प्रतिशत) अथवा इण्टरमीडिएट कला विज्ञान में 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण। (45 प्रतिशत का तात्पर्य 45 प्रतिशत से ही होगा न कि 44.99 प्रतिशत) इण्टरमीडिएट वाणिज्य विषय के साथ उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी।

(4) अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु प्रत्येक संकाय के लिए प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता में 5 प्रतिशत अंकों की छूट अनुमन्य होगी।

(ख) यदि कोई छात्र/छात्रा स्नातक स्तर की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गया हो अथवा प्रथम सेमेस्टर के उपरान्त छात्र पुनः प्रथम सेमेस्टर में अपना संकाय (यथा– स्नातक स्तर पर विज्ञान से कला अथवा वाणिज्य) परिवर्तित कर परिसर/महाविद्यालय में प्रवेश चाहता हैं तो ऐसे छात्र द्वारा परिसर/महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु विधिवत आवेदन होगा। जिसके उपरान्त ऐसे छात्र को सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय में प्रवेश नियम 2–1 (क) के अनुसार तथा अवरोध वर्ष के लिए प्राप्तांकों में से 05 प्रतिशत अंक प्रतिवर्ष कम कर योग्यता सूची में आने पर एवं सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय में सीट रिक्त होने की दशा में उस परिसर, महाविद्यालय की प्रवेश समिति द्वारा प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश दिये जाने हेतु विचार किया जा सकता हैं

2.2 विश्वविद्यालय/महाविद्यालय परिक्षेत्र में स्थानान्तरित होकर आये व्यक्तियों के पुत्र/पुत्री/पत्नी/सगा भाई/बहन से वांछित प्रमाण–पत्र प्राप्त कर स्थान उपलब्ध होने पर प्रवेश दिया जाएगा, बशर्ते कि स्थानान्तरण से पूर्व उसके वार्ड का प्रवेश पूर्व स्थान के विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में हो चुका हो तथा पूर्व विश्वविद्यालय का पाठ्यक्रम सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम से 75 प्रतिशत तक मिलता हो और जिसकी संस्तुति सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय द्वारा गठित सक्षम समिति द्वारा प्रदान की गयी हो।

2.3 शिक्षणेत्तर कार्य–कलापों में राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर अथवा अन्तर विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय स्थान/ पदक प्राप्त प्रतिभाशाली छात्रों को प्राचार्यो/संकायाध्यक्षों की संस्तुति पर मा0 कुलपति जी अपने विशेषाधिकार का उपयोग करते हुये प्रवेश के सम्बंध में निर्णय देने हेतु अधिकृत होगें।

2.4 परीक्षा समाप्ति के उपरान्त विद्यार्थियों का अगले सेमेस्टर में अस्थाई प्रवेश अनुमन्य करते हुए पठन–पाठन प्रारम्भ किया जायेगा। यह व्यवस्था नितान्त अस्थायी होगी।

2.5 स्नातक कक्षा में उत्तराखण्ड से बाहर के अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम में आने पर 10 प्रतिशत से अधिक सीटों में प्रवेश अनुमन्य नहीं किया जायेगा और केवल स्थान रिक्त रहने एवं प्रवेश की अवधि रहने पर ही अधिक स्थानों पर प्रवेश अनुमन्य हो सकेगा।

**2.6 (a) For Bachelor of science (B.Sc.)**

ग्रुप (A) एवं (B) में उपलब्ध मुख्य विषय (Major Subject) सभी अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य हैं। अभ्यर्थी तीसरे मुख्य विषय III (Major Subject) का चुनाव ग्रुप सी के विषय से कर सकेगा।

| Mathematics Groups | | |
|---|---|---|
| Group A | Group B | Group C |
| Mathematics | Physics | Chemistry/Statistics/Computer Science Information Technology/Geology/Military Science |

| Biology Groups | | |
|---|---|---|
| Group A | Group B | Group C |
| Botany | Zoology | Chemistry/Forestry/InformationTechnology/ Geology/Military Science |

**(b) For Bachelor of Arts (B.A.)**

अभ्यर्थी को 2 मुख्य विषयों (Two Major Subject) का चुनाव निम्नलिखित में से 2 पृथक–पृथक समूहों से करना होगा। अभ्यर्थी तीसरे मुख्य विषय III (Major Subject III) को निम्नलिखित समूहो से चुलेगा। उपरोक्त तीनों मुख्य विषय अलग–अलग समूहों में से ही चुने जा सकेगें।

| A | B | C | D | E | F |
|---|---|---|---|---|---|
| English Literature | Drawing and Painting | Geography | Education | Hindi Literature | Political Science |
| Kumauni Bhasa | Economics Home Sciece | History | Sociology | | |
| Sanskrti Literature | Physical Science | Yoga Music | | | |
| | Psychology Anthropology | Military Science | | | |

**(c ) For Bachelor of Commerce (B.Com)**

ग्रुप (A) एवं (B) में उपलब्ध मुख्य विषय (Major Subject) सभी अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य हैं। अभ्यर्थी तीसरे मुख्य विषय III (Major Subject) का चुनाव ग्रुप सी के विषय से कर सकेगा।

| Group A | Group B | Group C |
|---|---|---|
| Financial Accounting | Business regulatory frame work | Business organisation management (or) Business communication |

**Minor Subject**
**B.A./ B.Sc./ B.Com.**

| Fourth minor Elective Subject | **Semester** | |
|---|---|---|
| | II | IV |

**Vocational Course (Minor Subjects)**

| Sem. | B.A. | B.Sc. | B.Com. |
|---|---|---|---|
| I | Critical thinking and writing | Fundamentals of Computer | Basics of Marketing |
| II | Leadership and Teamwork | Business Statistics | Advertising Management |
| III | Fundamentals of Computer | Disaster Management | Entrepreneurship |
| IV | Field Study Techniques and Report Writing | Digital Literacy and Cyber Security | Fundamentals of Business |

**Co-curricular Course (Minor Subjects)**

| Sem. | B.A./B.Sc./ B.Com. |
|---|---|
| I | Communicaiton Skills |
| II | Environment Studies and Value Education |
| III | Management Paradigms from Bhagwat Geeta |
| IV | Vedic Studies |
| V | Meditation |
| VI | Vivekanand Studies |

वैधानिक नियंत्रण– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त प्रवेश नियमों में आवश्यकता के अनुरुप परिवर्तन करने का अधिकार सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा तथा परिवर्तन सभी पक्षों को मान्य होगा।

## (ख) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम– प्रथम सेमेस्टर

क स्नातकोत्तर (विज्ञान संकाय) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश योग्यता निर्धारण हेतु नियम (जहां लागू हो)

Calculation of Index for P.G. I Semester Admission (Where ever applicable)

The following formula would be used for admission to P.G. I Semester Class-

I=X+2Y+2Z (Merit index)

X= Marks ontained in practicals of all subject at UG Level

Y= Marks ontained in theory of all subjects taken at UG Level (This would include all the subject taken at UG Level)

Z= Total marks obtained in theory at UG Level in the subject in which admission is required at PG Semester class (Admission would be given to PG Semester-I, only in one of the subject taken at the UG level)

मान्यता प्राप्त एन0आई0ओ0एस0 (National Institute of Open Schooling) बोर्ड के उत्तीर्ण छात्रों को 05 विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं प्रवेश लेने हेतु सबसे अच्छे पॉच विषयों का चयन करना होगा।

ख कला संकाय के अन्तर्गत विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु निम्नलिखित नियमों का पालन किया जायेगा–

(1) कोई भी स्नातक उपाधि धारक अभ्यर्थी (स्नातक की उपाधि यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा स्नातक (कला/वाणिज्य/विज्ञान) की उपाधि कम से कम तीन वर्ष होनी चाहिए) जिसने स्नातक की परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की हो, को स्नातकोत्तर (कला संकाय/विषय में) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अर्ह माना जायेगा। इसी प्रकार ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने

स्नातक (वाणिज्य संकाय) की परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की हो, ऐसे अभ्यर्थी स्नातकोत्तर (वाणिज्य संकाय) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अर्ह माने जायेगे।

(2) कला स्नातक द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी यह सुविधा रहेगी कि वे कला संकाय के किसी भी ऐसे विषय में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे, जिसमें प्रयोगात्मक परीक्षा न होती हो। कला संकाय के किसी प्रयोगात्मक विषय में (भूगोल के अतिरिक्त) स्नातकोत्तर प्रवेश हेतु वे ही अभ्यर्थी अर्ह होंगे जिन्होंने स्नातक उपाधि उस प्रयोगात्मक विषय को लेकर प्राप्त की हो।

**प्रवेश हेतु सत्यापन के दौरान प्रत्येक छा़त्र / छात्रा द्वारा महाविद्यालय में प्रस्तुत किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज–**

1. ऑनलाईन आवेदन पत्र की डाउनलोड तथा अभिभावक माता/पिता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति।
2. विधिवत हस्ताक्षरित अभिवचन, छात्र/अभिभावक घोषणा पत्र तथा एण्टी रैगिंग शपथ पत्र (स्टाम्प पेपर की आवश्यकता नहीं है।
3. स्थानान्तरण प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
4. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5. हाई–स्कूल प्रमाण पत्र।
6. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अथवा अर्हकारी परीक्षा के अंकपत्रों की छाया प्रतियाँ।
7. ईयर गैप के सम्बन्ध में नोटराईज्ड शपथ पत्र।
8. अधिमान अंको हेतु सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियाँ (उदाहरणार्थ– एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, खेलकूद इत्यादि) विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.ssju.ac.in में निर्देशित है।

**नोट : अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन पत्र सत्यापन के समय दस्तावेजों की मूल प्रतियाँ अवश्य लायें साथ ही यह भी आग्रह है कि विश्वविद्यालय की वैवसाईट www.ssju.ac.in में दिये गये प्रवेश नियमों को भली–भॉति पढ़ लें।**

## बी0 एड0 पाठ्यक्रम (स्व–वित्तपोषित)

**आवंटित सीटें :– आवंटित सीटें– 50**

**प्रवेश प्रक्रियाः–** कुमाऊँ विश्वविद्यालय बी0एड0 प्रवेश परीक्षा द्वारा उत्तीर्ण अभ्यर्थी काउंसलिंग के द्वारा भेजे जायेंगे।

शुल्क विवरण– रू0 35,000/– (शासन/विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित)
रू0 1,000/– (धरोहर राशि वापसी योग्य)

पाठ्यक्रम समन्वयक– डा0 अपराजिता फोन नम्बर– 6398864369

## उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय , हल्द्वानी द्वारा महाविद्यालय को सत्र 2010–11 में अध्ययन केन्द्र संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। जिससे प्रदेश में सेवारत, दूरस्थ स्थानों में निवास करने वाले युवा विशेषकर महिलायें जो नियमित अध्ययन हेतु अपने क्षेत्र से बाहर नहीं जा सकती है। उनके द्वारा इन पाठ्यक्रमों से लाभान्वित होकर सुगमता से रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

MCA, MBA, MSW, M.A. - Education, Psychology, Journalism, Hindi, Sanskrit,English, Economics, Pol. Sci., History, Sociology, Geography, M.Sc. – Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Maths, Env. Science, BCA, B.Com. B.A. – Arts, B.Sc. – ZBC, PCM , PGDCA , PGDJMC, PGDDM

**Coordinator :** Dr. Vimla Devi 9411900411
**Co- Coordinator :** Dr. S.P. Singh 9411130537

# महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया

(क) प्रत्येक कक्षा में प्रवेश प्राप्त करने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र भरना आवश्यक है। आवेदन पत्र प्रवेशार्थी के स्पष्ट हस्तलेख में भरा जाना चाहिए, आवेदन पत्र में समस्त विवरण एवं सूचनायें पूर्ण रूप से अंकित हो। आवेदन पत्र उल्लिखित (क) छात्र द्वारा शपथ के नीचे प्रवेशार्थी और (ख) पिता अथवा अभिभावक की घोषणा के नीचे पिता अथवा अभिभावक के हस्ताक्षर अवश्य हों। अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित संलग्नक अपेक्षित है–

1. आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट साइज के नवीनतम तीन फोटो चिपकाने होंगे। परिचय पत्र के लिए एक फोटो और नत्थी करनी होगी।
2. हाईस्कूल परीक्षा के प्रमाण – पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।
3. हाईस्कूल के अंक पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।
4. इण्टरमीडिएट परीक्षा के अंक पत्र की स्वप्रमाणित प्रति।
5. अन्तिम शिक्षण संस्था से प्राप्त चरित्र प्रमाण–पत्र (मूल प्रति) (यदि प्रवेशार्थी के अन्तिम परीक्षा व्यक्तिगत रूप से उत्तीर्ण की हो तब किसी सांसद/विधायक/स्थानीय निकाय के अध्यक्ष अथवा राजपत्रित अधिकारी का चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न किया जाय) जो कि छः माह से अधिक पुराना न हो।
6. पूर्व शिक्षण संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र।
7. पिछड़ी जाति/अनुसूचित जाति/जनजाति से सम्बन्धित होने का प्रमाण–पत्र।
8. खेलकूद तथा अन्य पाठ्येतर क्रियाकलापों से सम्बन्धित प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियाँ।
9. विगत परीक्षा किसी अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण करने वाले प्रवेशार्थी को उस विश्वविद्यालय का प्रव्रजन प्रमाण पत्र (माईग्रेशन सार्टिफिकेट) जमा करना होगा।
10. (क) अन्य प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित प्रतिलिपियॉ (जिनका उल्लेख आवेदन पत्र में किया गया है)।

    (ख) द्वितीय और तृतीय वर्ष के प्रवेशार्थियों को अपने आवेदन पत्र के साथ प्रथम या द्वितीय वर्ष के प्राप्तांक पत्र की अभिप्रमाणित प्रति लगाना आवश्यक होगा।

    (ग) महाविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्तिम दिनांक तक ही आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगे।

